कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक / एफ–3 / 79 / 2016 / 10–11 / 9 / 1321 भोपाल, दिनांक 02/05/19

प्रति,

श्री श्रवण कुमार वर्मा, (भा.व.से.)
वरिष्ठ सहायक वन महानिरीक्षक (एफ.सी.)
भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
इंदिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज,
जोरबाग रोड़, नई दिल्ली–110003

विषयः–जबलपुर जिले के अंतर्गत हिरन मीडियम टैंक प्रोजेक्ट के निर्माण हेतु 54.87 हेक्टेयर वन भूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बाबत्।

संदर्भः–भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्र क्रमांक 8-05/2019-FC दिनांक 29 / 03 / 2019

––0––

विषयांतर्गत में भारत सरकार के उक्त संदर्भित पत्र से प्रकरण में चाही गयी निम्न 05 बिन्दुओं की जानकारी निम्नानुसार है :–

1. केचमेंट एरिया ट्रीटमेंट प्लान की प्रति संलग्न है।
2. मुख्य वन संरक्षक, (क्षेत्रीय) जबलपुर वृत्त जबलपुर के द्वारा हिरन सिंचाई परियोजना के निर्माण हेतु 54.87 हे0 वनभूमि वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत् व्यपवर्तन करने की अनुशंसा की गयी है। जो कि प्रस्ताव के पृष्ठ क्र–55 पर संलग्न है एवं वेबपोर्टल पर भी अपलोड है। इस अनुशंसा का आशय प्रपत्र–3 से ही है।
3. वेबपोर्टल पर भाग–1 के बिन्दु क्रमांक B-2.4 मे प्रस्तावित वनभूमि के उपयोग का कार्यवार विवरण अपलोड है।
4. कार्यपालन यंत्री, हिरन जल संसाधन संभाग जबलपुर द्वारा प्रस्तुत वैकल्पिक वृक्षारोपण एवं एन.पी.व्ही. की राशि के संबंध मे वचन पत्र संलग्न है।
5. कलेक्टर, जिला जबलपुर द्वारा हिरन मध्यम सिंचाई परियोजना मे प्रभावित 54.87 हे0 वनभूमि के एवज मे ग्राम टोरी, खसरा नं0 1 रकबा 66.97 हे0 हस्तांतरित गैर वनभूमि की के.एम.एल. फाईल वेबपोर्टल पर अपलोड की गयी है। कलेक्टर, जिला जबलपुर द्वारा अतिक्रमण के संबंध मे लेख किया है, कि स्टेज–2 स्वीकृति के पूर्व अतिक्रमण हटा दिया जावेगा। पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

अतः प्रकरण मे भारत सरकार से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर अवगत कराने का कष्ट करे।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

2/5/19
(सुनील अग्रवाल)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक / एफ–3 / 79 / 2016 / 10–11 / 9 / 1322 भोपाल, दिनांक 02/05/19

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक, (क्षेत्रीय) जबलपुर वृत्त जबलपुर, मध्यप्रदेश।
2. वनमंडलाधिकारी, (सामान्य) वन मण्डल जबलपुर, मध्यप्रदेश।
3. कार्यपालन यंत्री, हिरन जल संसाधन संभाग, जबलपुर, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

2/5/19
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

D:\AJ\Data-irrigation\Section F-3(Part-I).docx